समस्याएं

नगरवासियों ने नप पर लगाए गंभीर आरोप

अनिमितताओं का गढ़ बना नगर परिषद पथरिया

नवभारत, पथरिया 12 अप्रैल। दमोह जिले के अंतर्गत नगर परिषद पथरिया इन दिनों कई अनिमितताओं को लेकर अखबारों की सुर्खियों व जन चर्चाओं का विषय बनी हुई है। नगरवासियों द्वारा साफ-सफाई नहीं होना, दूषित व दुर्गंधयुक्त जल सप्लाई होना, कार्यालय से आरटीआई आवदेन की नस्ती गुम जाना, कर्मचारियों की ईपीएफ की राशि उनके खातो में जमा नहीं होना, वरिष्ठ विभागों के आदेश उपरांत कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ाना सहित कई घोर अनिमितताएं की गई है।

लोगों द्वारा नगर परिषद पर गंभीर सवालों के साथ आरोप भी लगाए जा रहे है।

अतिक्रमण पर उठने लगे सवाल

उक्त बिंदुओं में मुख्य रूप से नगर के हृदय स्थल संजय चौराहे के समीप लम्बे समय से नाले पर पसरे अतिक्रमण को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। राजनीतिक सरंक्षण के कारण नाले पर नगर पालिका के भवन स्वीकृति के बिना भवन निर्माण हो गए और अब तक कार्यवाही नहीं होना नगर परिषद की संलिप्तता की बड़ी वजह बताई जा रही है। केवल अतिक्रमणधारियों को नोटिस देकर औपचारिकता पूरी की जा रही हैं।

संकीर्ण नाले का अतिक्रमण नहीं हटाया

विगत दिनों पूर्व नगर बंडा तिराहे पर संविधान के रचियता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप कुछ दुकाने, ठेले हटाये गए, जिससे नगर में चर्चा का बाजार गर्म है कि नगर परिषद आखिर अब कैसे सक्रिय हो गई। लोगों का कहना है कि इसी तारतम्य में परिषद वाले चौराहे के संकीर्ण नाले का भी अतिक्रमण हटाने में अपनी मुख्य भूमिका निभा दें, जिससे वहां के रहवासियों, दुकानदारों को राहत का मिल सकें।

खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

नवभारत,दमोह. संचालनालय,खेल और युवा कल्याण,म.प्र.दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता) में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है.अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को रू.10000/-रजत पदक पर रू.8000/-व कांस्य पदक पर रू. 6000/-खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है. आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2026 की स्थिति में 19 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन दिनांक 31 मई 2026 तक स्वीकार किए जा सकेंगे.खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी,हॉकी एस्ट्रोटर्फमैदान सिविल वार्ड स्टेडियम दमोह से कार्यालयीन समय व किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है।

भागवत कथा में गूंजा गोपालन व जीव दया का संदेश

नवभारत,दमोह. जबेरा ग्राम हरदुआ खुर्द सुरई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रद्धालुओं को गो-पालन एवं जीव दया का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संकल्प दिलवाया कि कोई भी व्यक्ति अपने पशुओं को कसाइयों को नहीं बेचेगा तथा प्रत्येक घर में गो-पालन को बढ़ावा दिया जाएगा।स्वामी जी ने अपने प्रवचन में कहा कि भागवत कथा सुनने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम अपने जीवन में दया, करुणा और धर्म के सिद्धांतों को अपनाते हैं। उन्होंने जीव दया को मानव जीवन का प्रमुख कर्तव्य बताते हुए कहा कि यदि समाज में वास्तविक परिवर्तन लाना है, तो प्रत्येक व्यक्ति को जीवों के प्रति संवेदनशील होना होगा।कार्यक्रम के दौरान श्री विद्या श्री जीवदया एवं समाज कल्याण समिति, जबेरा के सचिव यश बजाज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि वे जीवों के प्रति दया का भाव रखें और किसी भी जीव को कसाइयों के हाथों न बेचें। इस अवसर पर रानू नामदेव ने समिति द्वारा किए जा रहे जीवदया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। समिति के अध्यक्ष सम्यक जैन, उपाध्यक्ष शुभम मलैया, कोषाध्यक्ष अक्षत जैन एवं संयुक्त सचिव अर्पित जैन ने स्वामी जी को जीव दया गोशाला आने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में गो-सेवा और जीव दया के प्रति व्यापक जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

महापुरुषों के विचारों से ही देश का कल्याण सम्भव : योगेन्द्र कुशवाहा

सम्राट चन्द्रगुप्त, महात्मा ज्योतिबा व बाबा साहेब की जयंती समारोह आयोजित

नवभारत,दमोह. हिण्डोरिया स्थानीय खिरका मोहल्ला में सम्राट अशोक क्रांति सेना के बैनर तले बहुजन समाज में जन्मे महापुरुष चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जी, राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी एवं बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की संयुक्त जयंती समारोह के रूप मे बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई.कार्यक्रम की शुरुआत बहुजन समाज में जन्में सभी महापुरुषों के चित्र पर फूल माला पहनाकर पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये की गई। इस अवसर पर सम्राट अशोक क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा ने कहा कि महापुरुषों के विचारों से ही हमारे देश का कल्याण संभव है. हमें महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलते हुये उनके विचारों को अपनाकर समाज को शिक्षित एवं संगठित करना है व अपने अधिकारों के लिये संघर्ष भी करना है।वर्तमान समय की सरकारें हमारे संविधान को खत्म करना चाहती है।और हमे आपस मे बांटना भी चाहती हैं. आज हम सबको मिलकर संगठित समाज का निर्माण कर संविधान को भी बचाने आगे आना होगा. हमारे बीच व्याप्त जात-पात छुआछूत, अवधारणाओं व भेदभाव को भी खत्म करना है.उन्होंने आगे कहा कि सबका सहयोग व विश्वास साथ लेकर सम्राट अशोक क्रांति सेना .

जरूरतमंद की हुई पूर्ति

नवभारत,दमोह। जिला अस्पताल दमोह में इलाज रत प्रीति अहिरवार को 'ए' पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर चिलोद निवासी नीलेश पिता रामकृपाल बंसल ने कड़ी धूप में चिलोद से चलकर दमोह पहुंचकर जिला अस्पताल में ब्लड डोनेट किया. यह बहुत ही सराहनीय योगदान है, इसमें भाई देवेंद्र पटेल जिला अस्पताल आयुष्मान मित्र का विशेष योगदान रहा।

भाव के बिना भगवान कीमती चीजें भी नहीं स्वीकारते : गर्ग

ग्राम धनेटा में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस पर रुक्मणी विवाह प्रसंग ने बांधा समां

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. ग्राम धनेटा में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला. कथा वाचक पंडित दिनेश गर्ग गुरु महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान केवल सच्ची भावना के भूखे होते हैं, बिना भाव के वे कीमती से कीमती वस्तु भी स्वीकार नहीं करते.उन्होंने समझाया कि यदि कोई भक्त सच्चे मन से एक फूल भी अर्पित कर दे, तो प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं.जब मनुष्य के हृदय में ईश्वर प्रेम जागृत होता है, तब वह संसार के मोह-माया से ऊपर उठकर भक्ति मार्ग में स्थिर हो जाता है. कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और मनोहारी वर्णन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. कथा पंडाल में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई, जिनमें महारास लीला, गोपी-उद्धव संवाद एवं श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह उत्सव प्रमुख रहे.महाराज श्री ने भगवान भोलेनाथ का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ भी उनके बाल स्वरूप के दर्शन हेतु गोकुल पहुंचे थे.मथुरा गमन प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि जब अक्रूर जी भगवान श्रीकृष्ण को मथुरा ले जाने आए, तब ब्रज की गोपियां रथ के आगे खड़ी होकर करुणा भरे स्वर में बोलींकृ हे कन्हैया, जब तुम्हें हमें छोड़कर जाना ही था, तो हमसे प्रेम क्यों किया पूरे कथा स्थल पर भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण बना रहा. रुक्मणी विवाह के अवसर पर प्रस्तुत मंगल झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मधुर भजनों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने इस पावन प्रसंग का उल्लासपूर्वक आनंद लिया. इस धार्मिक आयोजन का आयोजन ग्राम धनेटा में यजमान कृपाल पटेल एवं उनके परिवार द्वारा श्रद्धापूर्वक किया.

नि: शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत,दमोह. हिण्डोरिया:- स्थानीय राजेंद्र पाठक मेमोरियल स्कूल में एक दिवसीय नि: शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस इस मौके पर मोतियाबिंद, आंखों से कम दिखाई देना, आंख की पुतली खराब होने जैसे नेत्र रोगों का सदुरु सेवा संघ चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा परीक्षण किया गया।

शिविर मे 75 मरीजों की पंजीयन कर जांच की गई। जिसमे 12 नेत्र मरीजों का चयन कर उन्हें चित्रकूट एम्बुलेंस से ले जाया गया। 28 मरीजों को मौके पर दवा दी गई। शिविर के बारे मे डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. कुन्दन ठाकुर, डॉ. राजेश यादव ने बताया कि हिण्डोरिया की उक्त शाला मे हर माह की 12 तारीख को नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। मरीजों के भोजन, आवास, यात्रा एवं दवाईयों की नि: शुल्क व। व्यवस्था सदगुरु सेवा संग चित्रकूट की ओर से की जायेगी। शिविर आयोजन मे रोहन पाठक, मेघा पाठक सहित समस्त वाले परिवार को भूमिका सराहनीय रही।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृता बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,पटेरा/दमोह. जिले के थाना पटेरा पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है.नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर कार्रवाई की गई.मामला थाना पटेरा के अपराध क्रमांक 88/26 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित है, जिसमें एक नाबालिग बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज थी.मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में थाना पटेरा पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई.टीम ने लगातार प्रयास करते हुए अपहृता की तलाश की और अंतत: उसे दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया.

सौजन्य भेंट

दमोह। निर्वतमान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से कलेक्टर बंगले में सौजन्य भेंट की.

हटा में शिक्षकों ने की वैक्सीन लगाने की अपील

नवभारत,दमोह. मध्य प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए भ्च्ट वैक्सीन लगाई जा रही है। मैदानी अमला हर तरह के प्रयास कर रहा है. हटा ब्लॉक के विनती गांव के हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षक रमेश साहू और जे एस राजपूत द्वारा भ्च्ट वैक्सीन के लिए गांव गांव जाकर अविभावकों को प्रेरित कर अपील की जा रही है। इसी क्रम में शिक्षक करैया जोशी गांव पँहुचे यंहा छात्राओं के परिवारो के खेतो में निवास होने के कारण शिक्षक नाले के बीच बने बांस के पुल को पारकर बस्ती में पँहुचे और स्कूल में अध्ययनरत 14 वर्ष की बालिकाओं के परिजनों को समझाईस देकर भ्च्ट वैक्सीन के लाभ बताते हुए उनसे वैक्सीन लगवाने की अपील की।

भाग्यशाली ही बड़े बाबा के चरणों में आ पाते - मुनि मंगलानंद सागर

नवभारत,हटा/ दमोह. सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान श्री मुनिसुव्रत नाथ जी का जन्म व तप कल्याण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर प्रात: भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश, पूजन विधान हुआ.श्री जी का पालना झुलाया गया.इस अवसर परपरम पूज्य मुनि श्री मंगलानंद सागर जी महाराज व परम पूज्य मुनि मंगलसागर जी महाराज का सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में मंगल प्रवेश हुआ।

चाकू से हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,दमोह. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में चाकू से हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया था, 10 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे कैलाश राजपूत पर उसके घर के सामने ही हमला कर दिया गया. रुपयों के लेन-देन के विवाद में आरोपी मंजीत राय ने कैलाश को पकड़ा, जबकि शनि राय ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी पसली में गंभीर चोट आई. घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। टीआई कोतवाली थाना क्षेत्र में चाकू से हत्या के मनीष कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया. पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 अप्रैल को दोनों आरोपियों मंजीत राय (33) और शनि राय (26) को गिरफ्तार कर लिया.

एक नजर में

गुंजी की दो सगी बहनों का मप्र पुलिस में चयन

नवभारत,दमोह. दो सगी बहनों का मप्र पुलिस बल में चयन हुआ है.बता दे कि श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर और ग्राम गुंजी की मां चंडी की कृपा से ग्राम गुंजी में रहने वाली दो सगी बहनों का चयन होने पर खुशी का माहौल बना हुआ है.दो सगी बहनों में सुश्री बबीता और गायत्री तिवारी पिता स्वर्गीय रवि शंकर तिवारी का चयन होने पर परिवार व गांव खुशी का माहौल है.दोनों बहनों का कहना है कि मेरे पापा का सपना था, कि मेरी दोनों बेटियां पुलिस में जाएंगी. लेकिन 2022 में पापा की अचानक दुर्घटना में मौत हो गई और पापा इस दुनिया में नहीं रहे. इसके बाद दोनों बहने पूरी तरह से टूट गई थी. लेकिन लगातार मेहनत करने के बाद आज सफलता हासिल कर ली है और मैं अपने पापा का सपना पूरा करने सक्षम हुई हूं बताया कि बबीता तिवारी 226 रैंक और गायत्री तिवारी ने 82 रैंक के साथ मप्र पुलिस में सफलता हासिल की है.

जबेरा महाविद्यालय में नए प्राचार्य ने संभाला पदभार

नवभारत,दमोह. जबेरा। शासकीय महाविद्यालय जबेरा की प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के दमोह स्थानांतरण के पश्चात महाविद्यालय में नए प्राचार्य के रूप में मोहित पांडे ने पदभार ग्रहण कर लिया है।नवागत प्राचार्य मोहित पांडे ने कार्यभार संभालते ही महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

आईपीएल सट्टेबाजी पर कार्यवाही

नवभारत,दमोह. पटेरा पुलिस द्वारा आईपीएल सट्टा पर रेड कर 02 प्रकरण में 03 आरोपियों पर कार्यवाही कर 03 मोबाइल व 2270 रूपये जप्त किए.मामला इस प्रकार है कि थाना पटेरा में पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में एसडीओपी महोदय हटा के निर्देशन में 11 अप्रैल 2026 को पटेरा में 02 स्थान पर रेड कार्यवाही कर आईपीएल सट्टा पर कार्यवाही की गई. कार्यवाही पर थाना पटेरा में अप.क्र.126/26 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट का आरोपी चंदन असाटी उम्र 38 साल निवासी पटेरा व अप.क्र.127/26 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट का आरोपी महेन्द्र सिंह पिता बहादुर सिंह परिहार उम्र 42 साल निवासी जमाटा व शुभम उर्फकिस्सू राजपूत पिता दुरग सिंह राजपूत के विरूद्ध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

भगवान परशुराम महोत्सव को लेकर मातृशक्ति सक्रिय, शोभायात्रा की तैयारियां तेज

नवभारत,दमोह. जिले में आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम प्रकट उत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिविल वार्ड क्रमांक 4 स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है, जिसमें विप्र समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिल रही है इसी क्रम में रविवार को पवित्र बंधन मैरिज गार्डन में समस्त मातृशक्ति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भगवान परशुराम प्रकट उत्सव एवं शोभायात्रा को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि सभी मातृशक्ति अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम, वार्ड एवं नगर में पीले चावल, सोशल मीडिया, दूरभाष के माध्यम से निमंत्रण देंगी ताकि अधिक से अधिक लोगों तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाई जाए.

डायल-112 की मुस्तैदी से बची मासूम की जान

पानी में डूबी 1 वर्षीय बच्ची को समय पर मिला उपचार

नवभारत,दमोह/हटा. रनेह थाना क्षेत्र में एक साल की मासूम बच्ची के पानी में डूबने की सूचना पर डायल-112 टीम ने अद्भुत तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उसकी जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाई.प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 11 अप्रैल 2026 को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को थाना रनेह क्षेत्र से एक बच्ची के पानी में डूबने की सूचना मिली.सूचना देने वाले गणेश आदिवासी की सूचना पर तुरंत एक्शन लिया गया.दमोह डायल-112 कंट्रोल रूम में तैनात आरक्षक देवेश तिवारी ने बिना देरी किए थ्ट-10 वाहन को मौके के लिए रवाना किया. टीम के घटनास्थल पर पहुंचने तक परिजन बच्ची को पानी से बाहर निकाल चुके थे, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर थी.मौके पर मौजूद डायल-112 स्टाफ आरक्षक भूपेंद्र एवं पायलट धर्मेन्द्र पटेल ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना समय गंवाए बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है.डायल-112 टीम की त्वरित, सजग और मानवीय कार्यवाही के चलते बच्ची को समय पर चिकित्सीय सहायता मिल सकी, जिससे उसकी जान बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली. यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि आपात स्थिति में डायल-112 न केवल तत्पर है, बल्कि संवेदनशीलता के साथ लोगों की जिंदगी बचाने में भी अहम भूमिका निभा रही है.

आग लगाकर जान देने का किया प्रयास, हालत गंभीर

नवभारत,दमोह। मानसिक रूप से विक्षिप्त 60 वर्षीय व्यक्ति ने आग लगाकर जान देने का प्रयास किया। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया.जिसका उपचार जिला अस्पताल में ड्यूटी रत डॉक्टर उमेश तंतुवाय द्वारा किया जा रहा है.प्राप्त जानकारी के अनुसार इटवा, सागर नाका दमोह निवासी करन सिंह पिता गोदन सिंह उम्र 60 वर्ष की हालत डॉक्टर द्वारा गंभीर बताई जा रही है और रेफर किया गया.फिलहाल मामले की जांच पुलिस कर रही है.

बैठक

22 जिलों से 150 से अधिक उद्यमियों की सहभागिता

लघु उद्योग भारती महाकौशल अंचल की बैठक आयोजित

नवभारत,दमोह. लघु उद्योग भारती महाकौशल अंचल की महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई. जिसमें अंचल के 22 जिलों से 150 से अधिक उद्यमियों ने सहभागिता कर संगठन की मजबूती का परिचय दिया. बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्षभर किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा करना व आगामी कार्ययोजना का निर्माण करना रहा.कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वृजुभाई, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा व प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद काले की विशेष उपस्थिति रही.राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि लघु उद्योग भारती विगत 32 वर्षों से देशभर के लघु व सूक्ष्म उद्यमियों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है. उन्होंने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को संगठन का स्थापना दिवस मनाया जाएगा.वर्तमान में संगठन 600 से अधिक जिलों में 1100 से अधिक इकाइयों एवं 66,000 से अधिक उद्योगपतियों के साथ सक्रिय है, जिसमें लगभग 9 प्रतिशत महिला उद्यमियों की सहभागिता है. उन्होंने जहां-जहां उद्यमी, वहां-वहां संगठन के सिद्धांत को संगठन की मूल शक्ति बताया.महिला अध्यक्ष प्रियंका सोनी ने बताया कि लघु उद्योग भारती द्वारा उद्यमियों के लिए निशुल्क उद्यम आधार पंजीयन, जीएसटी मार्गदर्शन व एमएसएमई से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे छोटे उद्यमियों को विशेष लाभ मिल रहा है.प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल ने संगठन के पांच प्रमुख कार्यक्रमोंकृस्थापना दिवस, सेवा कार्य, वरिष्ठ उद्यमियों का सम्मान, युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन व सदस्यता विस्तारकृत की.

महाकौशल अंचल के अध्यक्ष अनिल वासवानी ने बताया कि वर्तमान में 22 जिलों में 32 पूर्ण इकाइयां व 3 महिला इकाइयां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं.उन्होंने प्रत्येक औद्योगिक इकाई तक संगठन को पहुंचाने का लक्ष्य दोहराया. बैठक का आभार दिलेश चौधरी ने किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवंत जैन, दिलेश चौधरी, पंकज अरोरा, प्रिंस वैभव जैन, संचित सेठ, सचिंद्र जैन, अमित जैन, पदम इटोरिया, लोकेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राम जैन, गौरव जैन व सौरभ जैन सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा.